प्रेस नोट– जनपद मुजफ्फरनगर
दिनांक– 03.04.2025

- **थाना शाहपुर पुलिस द्वारा पशु चोरी के अभियोग का सफल अनावरण करते हुए दौराने पुलिस मुठभेड़ 01 अभियुक्त घायल सहित कुल 02 शातिर चोर अभियुक्तगण घायल/गिरफ्तार–**
दिनांक 02.04.2025 की रात्रि को थाना शाहपुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री गजेन्द्र सिंह मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 52/2025 धारा 303(2) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्तगण 1. सरफराज पुत्र इनाम निवासी कुम्हारो वाला मौहल्ला बघरा थाना तितावी, मुजफ्फरनगर(घायल) व 2. नवाब पुत्र नफीस निवासी मौहल्ला कुरैशियान बघरा थाना तितावी, मुजफ्फरनगर को दौराने पुलिस मुठभेड़ ग्राम निरमाना रजवाहे के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी की गयी 01 रास भैंस, 02 तमंचा मय 02 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना शाहपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 93/2025 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा नाबालिग दिव्यांग बालिका से दुष्कर्म करने के आरोपी को दौराने पुलिस मुठभेड़ किया घायल/गिरफ्तार–**
दिनांक 02.04.2025 को थानाध्यक्ष कोतवाली नगर श्री अक्षय शर्मा मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 104/2025 धारा 65(1) बीएनएस व 3/4 पोक्सो अधिनियम में वांछित अभियुक्त मुस्तकीम पुत्र सलीम निवासी गली नम्बर 04 लद्दावाला थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर को दौराने पुलिस मुठभेड़ न्यू गुडलक बारात घर के पास से घायल/गिरफ्तार किया गया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा मय 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 105/2025 धारा 109 बीएनएस व धारा 3/25/27 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा 02 वारण्टी अभियुक्तगण गिरफ्तार–**
दिनांक 02.04.2025 को थाना सिविल लाईन पर नियुक्त उ0नि0 श्री सुनील कुमार मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 35/19 धारा 135 विधुत अधिनियम में वारण्टी अभियुक्त इरशाद पुत्र मुन्तयाज निवासी महमूदनगर थाना सिविल लाईन मुजफ्फरनगर व मु0अ0सं0 74/21 धारा 3/25 आयुध अधिनियम में वारण्टी अभियुक्त गुलबहार पुत्र हारून निवासी महमूदनगर थाना सिविल लाईन मुजफ्फरनगर को अभियुक्तगण के मसकनो से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार**–

  दिनांक 03.04.2025 को थाना सिविल लाईन पर नियुक्त उ0नि0 श्री रेशमपाल मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 1199/18 धारा 66 आई टी एक्ट में वारण्टी अभियुक्त तुषार भारद्वाज पुत्र आदर्श भारद्वाज निवासी उत्तरी सिविल लाईन थाना सिविल लाईन, मुजफ्फरनगर को अभियक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।